आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**01 सितंबर** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- वैश्विक संकट के बीच भारत के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी की पहली तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर्ज हुई वृद्धि। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह वृद्धि छह दशमलव नौ प्रतिशत की गई थी दर्ज।
- सरकार ने एक लाख सत्ताइस हजार करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ सेमीकॉन योजना के दूसरे चरण को किया अधिसूचित।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया नेपालगंज रोड–नानपारा–बहराइच रेल खंड का शुभारंभ। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए रेल खंड और रेल कनेक्टिविटी से पूरे क्षेत्र के विकास को मिलेगी मदद।
- प्रदेश में बाढ़ से 17 जिलों की एक लाख सत्तर हजार से अधिक आबादी प्रभावित।

**********

भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जी डी पी में वित्त वर्ष 2026–27 की पहली तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि दर छह दशमलव नौ प्रतिशत थी। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास दर मजबूत बनी हुई है। मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग ने कहा कि सभी क्षेत्रों में वृद्धि बेहद सकारात्मक है।

**ओवरऑल ग्रोथ इन ऑल सेक्टर्स हेस बीन वेरी पॉजिटिव और यह यहीं दर्शाता है कि जो प्रकार से इंटरवेंशंस हुए हैं सरकार के वो इंपैक्ट रख रहे हैं और जबकि ओवरऑल हालात में चेंजस हैं जियो पोलिटिकल सिचुएशन में उसके बावजूद ग्रोथ रेट इतनी पॉजिटिव है। प्राइवेट और सरकारी दोनों के ही कारण फिक्स्ड कैपिटल ग्रोथ में होता है और 12 पर्सेंट का यह भी दर्शाता है कि जो फ्यूचर क्वार्टर्स की ग्रोथ है उसका भी हम एक अंदेशा देता है कि क्या है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि को बड़ी उपलब्धि बताया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए एक मजबूत, समृद्ध और विकसित भारत की ओर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

**********

भारत को चिप निर्माण का हब बनाने के लिए सरकार ने एक लाख सत्ताइस हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सेमीकॉन योजना के दूसरे चरण को अधिसूचित किया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में बताया कि भारत में विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर इको सिस्टम से प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की भी उम्मीद है।

**फेब्रिकेशन में, पैकेजिंग में, इक्विपमेंट में, मैटेरियल्स में, इन सब में ट्रेनिंग दी जा रही है और जिस तरह का इकोसिस्टम बन रहा है बहुत जल्दी 50–60 हजार डायरेक्ट जॉब्स इसमें क्रिएट होंगे। ऑल रेडी डिजाइन में 50–60 हजार डायरेक्ट जॉब्स क्रिएट हो रहे हैं। मैन्युफैक्चरिंग में भी इतना लेवल का इसमें जॉब्स क्रिएट होंगे।**

**********

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान के बाद कल दिल्ली में मसौदा सूची को जारी कर दिया है। सूची के अनुसार 97 लाख से अधिक मतदाता इसमें शामिल हैं, जबकि 47 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया है कि जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं है, वे 30 सितम्बर तक फॉर्म–6 और आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने दावे दाखिल कर सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची नवम्बर में जारी की जाएगी।

**********

कौशांबी के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में कल एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में ग्यारह लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के समय फैक्ट्री में बीस मजदूर काम कर रहे थे। पुलिस, एयरफोर्स, एनडीआरएफ और एसडीआरफ के करीब दो सौ जवान राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने बताया कि घायलों के उपचार, राहत और बचाव कार्य की निगरानी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुःखद घटना पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये और घायलों को पचास पचास हजार की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दो–दो लाख रूपये की राहत राशि और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये देने का एलान किया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में कल बहराइच में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से नेपालगंज रोड–नानपारा–बहराइच रेल खंड का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने इस खंड पर नेपालगंज रोड से वाराणसी सिटी विशेष रेल

गाड़ी को भी रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए रेल खंड और ट्रेनों से मिली कनेक्टिविटी प्रदेश में केवल बॉर्डर क्षेत्र की सुरक्षा और सुविधा के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**यह कनेक्टिविटी हमारे लिए केवल बॉर्डर क्षेत्र की सिक्योरिटी के लिए और सुविधा के लिए नहीं बल्कि इस पूरे क्षेत्र की प्रॉस्पेरिटी के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके कारण इस क्षेत्र में विकास के अनंत संभावनाएं बढ़ेंगी। उद्योग लगेंगे, व्यापार बढ़ेगा, पर्यटन और कृषि को एक नया आयाम मिलेगा।**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नेपाल में हुई त्रासदी में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भारत सरकार की ओर से अपने मित्र राष्ट्र नेपाल के सहयोग के लिए त्वरित कदम उठाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस नए रेल खंड की शुरुआत से यात्रियों को आवाजाही अधिक आसान होगी और क्षेत्रीय रेल कनेक्टिविटी के साथ विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री वैष्णव ने कहा कि गेज परिवर्तन के साथ, नानपारा, मटेरा, रिसिया, बहराइच, बभनान और नेपालगंज बड़े रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। कार्यक्रम में उन्होंने नेपाल में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई।

**भारत सरकार नेपाल के प्रभावित क्षेत्रों में मदद पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और रेलवे भी इस प्रयास में जुड़ा है। रेलवे के जो बॉर्डर के जोन है नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे, एनसीआर, ईसीआर और एनएफआर के कुछ हिस्से इन सब के साथ में लगातार संपर्क में हूं और रेलवे के अधिकारी जिले के अधिकारियों के साथ, राज्य के अधिकारियों के साथ और एमईए के कोऑर्डिनेशन में लगातार काम कर रहे हैं। जहां पर भी रेस्क्यू होकर यात्री पहुंचे उन सब के लिए स्पेशल कोच लगा के व्यवस्था करके उनको अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाने का भी रेलवे ने लगातार प्रयास किया है।**

कार्यक्रम में डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि इस परियोजना से नेपाल के लोगों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**********

प्रदेश में हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण 17 जिलों की करीब 1 लाख 70 हजार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हैं। वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे गंगा किनारे बसे कई इलाकों में पानी घरों तक पहुंच गया है। एसीपी दशाश्वमेध घाट अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि प्रशासन ने बाढ़ राहत चौकियां स्थापित की हैं, साथ ही ड्रोन से स्थिति की निगरानी की जा रही है।

उधर, चित्रकूट में रामघाट पर मंदाकिनी नदी का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया है। वहीं यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से राजापुर और मऊ के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में हैं। एक रिपोर्ट–

**जिले में 24 बाढ़ चौकियां, चिकित्सकीय स्टाफ और आवश्यक दवाओं के साथ संचालित हैं। एंबुलेंस सेवाएं अलर्ट पर हैं, जबकि अस्पतालों में अतिरिक्त बेड आरक्षित किए गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और रैन बसेरों में भी मेडिकल टीमें तैनात हैं और रैपिड रिस्पॉन्स टीमें 24 घंटे सक्रिय हैं। जिले में बारिश और जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी और गैर–सरकारी विद्यालयों में कक्षा 8 तक के छात्र–छात्राओं के लिए आज अवकाश घोषित किया गया है। अजय प्रताप आकाशवाणी समाचार चित्रकूट।**

मौसम विभाग ने आज प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान जताया है। जिसकी वजह से जौनपुर और चंदौली में कक्षा आठ तक के विद्यालयों को जिला प्रशासन ने बंद कर दिया है।

**********

हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड में फरार चल रहे दोनों बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। मुठभेड़ में दो आरक्षी भी घायल हुए हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने कहा कि यूपी पुलिस शेष अपराधियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। इस बीच केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कल शामली पहुंचकर अंकित के परिजनों से मुलाकात कर के संवेदना व्यक्त की।

**********